नोएडा में टॉय पार्क बनाने के लिए 134 उद्योगपतियों ने लिए भूखंड

410.13 करोड़ रुपये का होगा निवेश, 6157 लोगों को मिलेगा स्थायी रोजगार

लखनऊ। नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) के टॉय पार्क में खिलौना बनाने की फैक्ट्री लगाने के लिए 134 उद्योगपतियों ने भूखंड लिया है। ये उद्योगपति 410.13 करोड़ रुपये का निवेश कर जल्दी ही टॉय पार्क में अपनी फैक्ट्री स्थापित करेंगे। इन खिलौना फैक्ट्रियों में 6157 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा।

यीडा के अधिकारियों के अनुसार, जमीन पाने वाली कंपनियां जल्दी ही टॉय पार्क में फैक्ट्री लगाने की कार्यवाही शुरू करेंगी। टॉय पार्क में जमीन लेने वाली देश की प्रमुख कंपनियों में फन जू टॉयज इंडिया, फन राइड टॉयज एलएलपी, सुपर शूज, आयुष टॉय मार्केटिंग, सनलार्ड एपारेल्स, भारत प्लास्टिक, जय श्री कृष्णा, गणपति क्रिएशन और आरआरएस ट्रेडर्स प्रमुख हैं।

टॉय पार्क में प्लास्टिक और लकड़ी से बने बैटरी से चलने वाले खिलौने बनेंगे। अभी चीन में बने ऐसे खिलौनों से देश में छोटे बच्चे खेलते हैं। अभी देश में खिलौना बनाने वाली करीब चार हजार से ज्यादा इकाइयां हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के अंतर्गत आने वाली इन इकाइयों में से 90% असंगठित क्षेत्र की हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2024 तक भारत का खिलौना उद्योग 147.221 अरब रुपये का हो जाएगा। भारत में खिलौनों की मांग में 10.15 प्रतिशत की दर से बढ़ोत्तरी हो रही है। ब्यूरो